भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2446

10 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओडिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी

2446 श्री मनमोहन सामलः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) तथा पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत देशभर में तथा ओडिशा राज्य में संस्वीकृत, आरंभ, पूर्ण तथा अधिभोगित आवासों की कुल संख्या का राज्य-वार तथा ओडिशा के संबंध में जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान देशभर में तथा ओडिशा में योजना के अंतर्गत संस्वीकृत, जारी तथा उपयोग की गई केंद्रीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर तथा ओडिशा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांगजन श्रेणियों से संबंधित लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और (घ) पीएमएवाई-यू तथा पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत लंबित आवासों की पूर्णता में तेजी लाने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (घ): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय दिनांक 25.06.2015 से देश-भर के पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं सहित सभी मौसमों के अनुकूल पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) का कार्यान्वयन कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के कार्यान्वयन से प्राप्त अनुभवों से मिली सीख के आधार पर आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने योजना में बदलाव किया है और देश-भर के शहरी क्षेत्रों में 1 करोड़ अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 01.09.2024 से "सबके लिए आवास" मिशन के अंतर्गत पीएमएवाई-यू 2.0 का शुभारंभ किया है। योजना के दिशा-निर्देश https://pmay-urban.gov.in/uploads/guidelines/Operational-Guidelines-of-PMAY-U-2.pdf लिंक पर उपलब्ध हैं।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर मंत्रालय द्वारा पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत 16.20 लाख आवासों सहित कुल 127.68 लाख आवासों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इनमें से दिनांक 13.07.2026 की स्थिति के अनुसार देशभर में 121.03 लाख आवासों का निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है तथा 99.07 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं/ लाभार्थियों को सौंपा जा चुका है। इसके अतिरिक्त, देशभर में कुल ₹2.12 लाख करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता अनुमोदित

की गई है, जिसमें से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत अनुपालनों के आधार पर ₹1.81 लाख करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं तथा ₹1.74 लाख करोड़ रुपए का उपयोग किया जा चुका है।

प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, ओडिशा राज्य में पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत कुल 2.37 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 2.01 लाख आवासों का निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है तथा 1.74 लाख आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है/ लाभार्थियों को सौपे जा चुके है। योजना के अंतर्गत ओडिशा राज्य में स्वीकृत आवासों में से कुल ₹3,681.50 करोड़ की केंद्रीय सहायता स्वीकृत की गई है, जिसमें से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत अनुपालनों के आधार पर राज्य को ₹2,916.21 करोड़ जारी किए जा चुके हैं।
ओडिशा राज्य सहित देशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) और पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूर्ण एवं सौंपे गए आवासों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, ओडिशा राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूर्ण एवं सौंपे गए आवासों का जिला-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है। ओडिशा सहित देशभर में विगत पांच वर्षों के दौरान इन योजनाओं के अंतर्गत अनुमोदित, जारी एवं उपयोग की गई केंद्रीय सहायता का ब्यौरा अनुलग्नक-III में दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) और पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत देशभर के साथ-साथ ओडिशा राज्य में अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी), महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग श्रेणियों के लिए स्वीकृत आवासों का ब्यौरा भी अनुलग्नक-III में दिया गया है।

यह मंत्रालय योजना के कार्यान्वयन की प्रगति की निगरानी करने तथा स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने एवं उनमें अधिभोग सुनिश्चित करने में तेजी लाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के साथ नियमित समीक्षा करता है।

*****

दिनांक 10.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2446 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

पीएमएवाई-यू एवं पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत वास्तविक प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

क्र.स.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	आवासों की वास्तविक प्रगति (संख्या)							
		पीएमएवाई- यू				पीएमएवाई-यू 2.0			
		स्वीकृत	निर्माणाधीन	पूर्ण	सौपे गए	स्वीकृत	निर्माणाधीन	पूर्ण	सौपे गए
1	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	260	260	233	47	1	1	1	1
2	आंध्र प्रदेश	19,06,887	18,26,840	11,36,146	10,73,082	61,084	43,947	1,980	1,826
3	अरुणाचल प्रदेश	8,068	8,068	8,068	6,852	6,219	4,937	1,427	1,427
4	असम	1,69,626	1,69,097	1,48,441	1,48,441	52,317	15,503	66	64
5	बिहार	2,91,422	2,91,224	2,01,801	2,01,750	1,75,433	1,34,406	387	372
6	चंडीगढ़	1,256	1,256	1,256	1,256	30	30	30	27
7	छत्तीसगढ	2,81,111	2,80,776	2,64,619	2,52,660	65,142	27,977	3,765	3,536
8	दिल्ली	29,976	29,976	29,976	29,976	3,649	3,649	3,649	2,977
9	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	9,947	9,947	9,689	9,563	765	765	765	628
10	गोवा	3,146	3,146	3,146	3,146	34	34	34	30
11	गुजरात	9,72,025	9,71,456	9,54,638	9,20,956	1,63,645	69,280	39,349	31,655
12	हरियाणा	1,14,667	85,976	73,293	73,277	21,441	1,499	1,365	1,066
13	हिमाचल प्रदेश	12,640	12,640	12,100	12,082	1,394	789	42	38
14	जम्मू और कश्मीर	42,584	42,547	35,953	35,953	3,398	1,360	8	9
15	झारखंड	2,29,156	2,10,676	1,70,344	1,67,362	14,187	118	106	97
16	कर्नाटक	5,76,956	4,97,744	4,05,596	3,60,180	1,124	1,124	1,124	986
17	केरल	1,61,957	1,55,431	1,42,973	1,42,870	294	294	294	248
18	लद्दाख	987	987	978	978	151	84	31	31
19	मध्य प्रदेश	9,46,592	9,45,711	8,99,401	8,89,002	93,349	52,454	10,921	8,666
20	महाराष्ट्र	11,85,439	11,55,256	10,35,641	9,84,922	1,98,801	61,329	38,911	31,217
21	मणिपुर	52,519	49,657	24,043	24,043	3,528	1,568	3	3
22	मेघालय	4,758	4,123	3,129	3,129	3,934	457	9	9
23	मिजोरम	39,150	39,109	34,260	34,260	1,554	252	2	1
24	नागालैंड	31,067	31,060	30,228	30,196	6,156	1,104	-	-
25	ओडिशा	2,03,380	1,86,268	1,71,291	1,66,995	33,736	15,024	3,113	3,102
26	पुदुचेरी	15,995	15,933	12,867	12,867	3,757	3,336	56	50
27	पंजाब	1,20,990	1,18,597	1,02,797	1,02,495	37,778	16,897	2,700	2,174
28	राजस्थान	2,92,400	2,89,967	2,62,376	2,56,911	88,246	54,906	14,428	12,152
29	सिक्किम	301	301	220	220	-	-	-	-
30	तमिलनाडु	6,67,138	6,66,626	6,29,751	5,87,136	18,577	7,083	2,334	1,925
31	तेलंगाना	2,48,074	2,48,074	2,25,597	1,85,943	1,41,298	25,379	4,076	3,852
32	त्रिपुरा	87,895	87,098	82,874	82,874	4,318	1,868	68	68
33	उत्तर प्रदेश	17,60,866	17,55,238	17,18,527	16,84,760	3,99,313	2,86,040	7,272	6,090
34	उत्तराखंड	63,605	62,826	55,062	43,958	3,484	3,040	1,182	951
35	पश्चिम बंगाल	6,15,105	6,06,238	5,33,213	5,32,403	11,950	5,158	5,150	4,390
कुल		**111.48 लाख**	**112.61 लाख***	**97.63 लाख***	**95.54 लाख***	**16.20 लाख***	**8,41,692**	**1,44,648**	**1,19,668**

* इसमें मिशन अवधि के दौरान जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत पूर्ण (3.42 लाख)/निर्माणाधीन (4.01 लाख)/सौंपे गए (4.91 लाख) आवास शामिल हैं।

दिनांक 10.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2446 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

ओडिशा राज्य में पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूर्ण एवं सौपे गए आवासों की जिला-वार संख्या

क्र.स.	ज़िला	आवासों की वास्तविक प्रगति (संख्या)							
		पीएमएवाई- यू				पीएमएवाई-यू2.0			
		स्वीकृत	निर्माणाधीन	पूर्ण	सौपे गए	स्वीकृत	निर्माणाधीन	पूर्ण	सौपे गए
1	अनुगुल	6,137	5,878	5,464	5,464	744	438	66	66
2	बलांगीर	5,871	5,326	4,895	4,895	876	591	127	120
3	बालेश्वर	7,978	6,855	6,398	6,398	3,232	1,822	169	169
4	बारगढ़	4,534	4,464	4,285	4,285	897	534	199	199
5	भद्रक	10,585	10,371	9,936	9,936	3,556	1,923	426	426
6	बौध	1,256	1,247	1,210	1,210	65	21	2	2
7	कटक	11,905	10,741	10,126	9,703	2,061	604	91	91
8	देवगढ़	1,537	1,461	1,352	1,352	235	109	17	17
9	ढेंकनाल	11,371	10,623	10,079	10,079	1,879	1,104	237	237
10	गजपति	1,182	1,153	1,124	1,124	156	135	56	56
11	गंजम	18,194	17,376	16,787	16,483	2,051	1,275	402	402
12	जगत्सिंहपुर	1,830	1,807	1,744	1,744	512	173	31	31
13	जाजापुर	3,416	3,349	3,112	3,015	479	262	42	42
14	झारसुगुडा	3,261	3,224	3,062	3,062	479	236	30	30
15	कालाहांडी	5,911	5,315	4,746	4,746	733	373	73	73
16	कंधमाल	3,977	3,727	3,406	3,406	270	100	32	32
17	केंद्रपाड़ा	5,608	5,360	5,074	5,074	495	412	132	132
18	केंदुझार	8,711	7,361	6,694	6,694	907	423	59	59
19	खोरधा	20,651	18,219	15,991	12,719	1,985	147	28	28
20	कोरापुट	13,394	11,727	9,464	9,464	1,249	678	104	104
21	मल्कानगिरी	2,018	1,941	1,599	1,599	370	215	62	62
22	मयूरभंज	8,009	7,492	6,858	6,858	648	387	75	75
23	नबरंगपुर	3,316	2,903	2,766	2,766	196	132	1	1
24	नयागढ़	3,962	3,835	3,717	3,717	829	287	62	62
25	नुआपाड़ा	6,683	6,285	5,481	5,481	1,920	582	126	122
26	पुरी	5,122	4,669	4,286	4,286	657	380	115	115
27	रायगढ़	3,442	2,938	2,617	2,617	177	123	24	24
28	संबलपुर	9,689	8,979	8,279	8,279	3,886	771	128	128
29	सोनेपुर	4,366	4,269	3,968	3,968	446	191	21	21
30	सुंदरगढ़	9,464	7,373	6,771	6,571	1,746	596	176	176
कुल		**2,03,380**	**1,86,268**	**1,71,291**	**1,66,995**	**33,736**	**15,024**	**3,113**	**3,102**

दिनांक 10.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2446 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-III

राष्ट्रीय स्तर एवं ओडिशा राज्य में पीएमएवाई-यू एवं पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत शुरुआत से अब तक अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग श्रेणियों के लिए स्वीकृत आवासों तथा विगत पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2021-26) के दौरान स्वीकृत, जारी एवं उपयोग की गई केंद्रीय सहायता का विवरण।

क्र.स.	**विवरण**		**राष्ट्रीय स्तर**	**ओडिशा**
1	शुरुआत से केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपये में)	अनुमोदित	2.12 लाख करोड़।	3,682
2		जारी	1.81 लाख करोड़।	2,916
3		उपयोग किया गया	1.74 लाख करोड़।	2,609
4	पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्रीय सहायता (वित्तीय वर्ष 2021-26) (करोड़ रुपए में)	अनुमोदित	72,862.19	1,550.25
5		जारी	79,214.53	1,077.50
6		उपयोग किया गया	79,214.53	1,077.50
7	शुरुआत से अब तक निर्मित आवासों की संख्या (संख्या में)	अनुमोदित / स्वीकृत	1,27,68,032	2,37,116
8		अनुसूचित जाति	21,26,039	56,067
9		अनुसूचित जनजाति	5,93,668	29,347
10		महिला*	99,76,364	1,78,426
11		वरिष्ठ नागरिक*	8,70,919	24,904
12		दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी)*	73,925	504

***महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए स्वीकृत आवास परस्पर अनन्य नहीं हैं और ये सामान्य, अनुसूचित जाति (एससी) तथा अनुसूचित जनजाति (एसटी) सहित सभी श्रेणियों में शामिल हैं।**